बरेली, रविवार
25 मई, 2025
नगर संस्करण

दैनिक जागरण inext

PAGE NO : 06 TOP

# विदाई पार्टी में झलक मिस तो प्रणव बने मिस्टर फेयरवेल




विनर को किया गया सम्मानित.

bareilly@inext.co.in

**BAREILLY (24 May):** एसआरएमएस इंस्टीट्यूट ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज में शनिवार को 2020 बैच के लिए विदाई पार्टी का आयोजन हुआ. परंपरा, उत्सव और भावनाओं के इस कार्यक्रम में निवर्तमान छात्रों की उपलब्धियों का सम्मान किया गया. इसमें झलक अग्रवाल (बीओपीटीओएम) को मिस फेयरवेल और प्रणव अग्रवाल (बीपीटी) को मिस्टर फेयरवेल चुना गया. दिव्यांशी सिंह (बीआरआईटी) को मिस वर्सेटाइल और आर्यन (बीएमएलटी) को मिस्टर वर्सेटाइल बनने का सौभाग्य मिला. विदाई समारोह में नूरिश (बीओटीटी) को सर्वश्रेष्ठ कलाकार चुना गया. इससे पहले कार्यक्रम का आरंभ दीप प्रज्वलन और गणेश वंदना से हुआ. वाइब्रेंट क्लब के अध्यक्ष गौरव कार्की के सभी का स्वागत किया और सभी को शुभकामनाएं दीं. कालेज के निदेशक प्रशासन आदित्य मूर्ति ने स्नातक बैच को अपनी शुभकामनाएं दीं. फिजियोथेरेपी विभाग की प्रभारी डॉ. नबीला खानम आदि रहीं.